रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 16 अक्टूबर, 2026

वर्ष 02 | अंक 245 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

सुप्रीम कोर्ट तक मार्च पर विपक्ष को नोटिस

सीजेआई बोले- हमें कोई धमका नहीं सकता

जानते हैं कोर्ट के बाहर क्या कह रहे और अंदर क्या कहते

केंद्र और चुनाव आयोग को भी नोटिस

नईदिल्ली (एजेंसी)। राहुल गांधी 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला था, वह इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के अंदर पहुंचे थे।



बाराखंभा से सुप्रीम कोर्ट तक मार्च को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस को नोटिस जारी किया गया है। सीजेआई सूर्यकांत ने गुरुवार को कहा कि कोई भी सुप्रीम कोर्ट को डराने या धमकाने की कोशिश नहीं कर सकता। सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट में एसआईआर के विरोध प्रदर्शन और मार्च से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। राहुल गांधी और 13 अन्य की याचिका पर कोर्ट ने केंद्र और चुनाव आयोग (ईसीआई) को भी नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल का नाम लिए बिना यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं में से एक से उसके आचरण के बारे में सवाल करना चाहते हैं। उन्हें सफाई देनी होगी। याचिका दायर करने से पहले इंडिया ब्लॉक ने 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च किया था।

कोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश दिए- वकील गौरव भाटिया ने सुप्रीम कोर्ट से उन सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित करवाने के लिए अंतरिम आदेश देने की मांग की, जो राहुल के सुप्रीम कोर्ट पहुंचने के हैं।

आरोप है कि तब उन्होंने गर्भवती महिला पत्रकार को धक्का दिया था। इस पर जस्टिस बागची ने सभी कानूनी एजेंसियों को सीसीटीवी और अन्य डिजिटल फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। यह भी कहा है कि इन्हें कोई भी आकर जमा करा सकता है।

पत्रकारों के फोन जब्त करने पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस- सीनियर एडवोकेट सीयू सिंह ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पत्रकारों के उपकरण (फोन/कैमरा आदि) जब्त कर लिए गए हैं।

- **धर्मांतरण पर पिछले धर्म का आरक्षण नहीं मिलेगा: कहा-** हिंदू धर्म में भी लौटने पर भी पुराना दर्जा नहीं - सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि हिंदू धर्म से गैर-हिंदू धर्म अपनाने वाला व्यक्ति पुराने सामाजिक दर्जे के आधार पर आरक्षण का लाभ नहीं मांग सकता।



कोर्ट ने इस मामले में मद्रास हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा है। दरअसल, सरकार ने 9 मार्च 2024 को पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, विमुक्त समुदाय और अनुसूचित जाति के लोगों को इस्लाम अपनाने के बाद मुस्लिम पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की अनुमति दी थी। लेकिन मद्रास हाईकोर्ट ने इस फैसले पर रोक लगा दी थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती दी गई थी।

- **अनुसूचित जाति का दर्जा सिर्फ हिंदू, बौद्ध या सिख धर्म को-** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के 1950 के अनुसूचित जाति आदेश का जिक्र किया। कोर्ट ने कहा कि अनुसूचित जाति का दर्जा हिंदू, बौद्ध या सिख धर्म के अलावा दूसरे धर्मों के लोगों को नहीं दिया जा सकता।कोर्ट के मुताबिक, ऐसे व्यक्ति का अपने मूल जाति से जुड़ा अनुसूचित जाति दर्जा खत्म हो जाता है।पूरा मामला सेक्रेटरी टू गवर्नमेंट बनाम समीर अहमद एन से जुड़ा था।

- **जवाब से संतुष्ट नहीं हुए तो कानून अपना काम करेगा, जंतर-मंतर को विरोध प्रदर्शन स्थल से हटाने पर एससी की दो टूक-** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों के प्रमुख केंद्र रहे जंतर-मंतर को तय प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाए जाने के केंद्र सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इस याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर उनका रुख स्पष्ट करने को कहा है।दरअसल, हाल ही में दिल्ली पुलिस ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जंतर-मंतर की जगह अब विरोध-प्रदर्शनों के लिए रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और सीबीडी ग्राउंड (शाहदरा) को चिन्हित किया गया है।इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें केंद्र सरकार के जंतर-मंतर को विरोध-प्रदर्शन की तय जगह की सूची से हटाने के फैसले को चुनौती दी गई है।

कॉकरोच पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हंगामा, नारेबाजी की

- दीपके बोले- ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए तिरंगा फहराना भी अपराध बनाया

नई दिल्ली (एजेंसी)। कॉकरोच जनता पार्टी और छात्र संगठन एआईएसए की दिल्ली में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हंगामा हुआ। नेहा बोरा के बोलना शुरू करते ही वहां मौजूद कुछ लोग 'बंद करो' के नारे लगाने लगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एडवोकेट कपिल सिब्बल, प्रशांत भूषण और एक्टर प्रकाश राज भी शामिल हुए। दीपके ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- सरकार ने ज्ञानेश कुमार को बचाने के



लिए तिरंगा फहराने को भी अपराध बना दिया है। आशुतोष रांका और सौरव दास जंतर-मंतर पर तिरंगा फहराने गए थे, लेकिन उन्हें भी जेल भेज दिया गया। आखिर सरकार ज्ञानेश कुमार को क्यों बचा रही है। वहीं नेहा बोरा ने कहा- लोगों को हिरासत में लेने से, मारपीट करने से आंदोलन नहीं रुकेगा। सीजेपी और अन्य संगठनों ने 16 अक्टूबर को दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में तिरंगा लहराकर प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। वे एसआईआर रोकने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

प्रकाश राज बोले- हर जिले-गांव को जंतर-मंतर बनाएंगे

प्रकाश राज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- आपने बहुत कहानियां सुनी होंगी। इन कहानियों का मोरल ऑफ द स्टोरी है कि जो बचपन में क्रोकोडाइल से नहीं डरा, वह आज कॉकरोच से डर गया। कल देश के 200 संगठन एकजुट हो रहे हैं।

इंदौर में भीषण जल संकट के बीच हजारों लीटर पानी बर्बाद, नर्मदा पाइपलाइन फूटी

50 फीट ऊपर तक उठा फव्वारा, आठ टंकियों की जलापूर्ति प्रभावित; सड़क पर पानी भरने से अंडरपास बंद, शुक्रवार को कम दबाव से होगी सप्लाई

इंदौर। शहर में कम बारिश के कारण आगामी महीनों में जल संकट की आशंका बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर नर्मदा पाइपलाइन में लीकेज से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो गया। गुरुवार सुबह बंगाली चौराहे से बायपास के बीच डीमार्ट के पास भंडारी रिजॉर्ट के नजदीक सड़क निर्माण कार्य के दौरान एक ट्रक की टक्कर से नर्मदा पाइपलाइन के जॉइंट में लीकेज हो गया। पानी का फव्वारा करीब 50 फीट ऊपर तक उठा और डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक तेज प्रेशर से पानी बहता रहा। सड़क पर पानी भरने से अंडरपास बंद करना पड़ा, जबकि घटना देखने के लिए राहगीरों के रुकने से जाम जैसे हालात बन गए। इस घटना का असर बायपास क्षेत्र की आठ टंकियों से होने वाली जलापूर्ति पर पड़ा है। संबंधित क्षेत्रों में शुक्रवार को भी कम दबाव और सामान्य से कम मात्रा में पानी मिलने की आशंका है। दरअसल, बायपास स्थित भंडारी रिजॉर्ट के पास सड़क निर्माण का काम चल रहा था। इसी दौरान रिवर्स ले रहा एक ट्रक नगर निगम की पानी की लाइन की दीवार से टकरा गया। इससे पाइपलाइन के जॉइंट में लीकेज हो गया और तेज प्रेशर से पानी बाहर निकलने लगा। देखते ही देखते पानी का फव्वारा करीब 50 फीट ऊपर तक उठने लगा और बड़ी मात्रा में पानी सड़क पर बह गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक चालक को हिरासत में लिया। नगर निगम की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य शुरू किया।







3 से 4 एमएलडी पानी बहने का अनुमान

नगर निगम की जल कार्य समिति के प्रभारी एवं एमआईसी सदस्य अभिषेक बबलू शर्मा के मुताबिक, पाइपलाइन में लीकेज के कारण करीब 3 से 4 एमएलडी पानी व्यर्थ बहने का अनुमान है। लीकेज के चलते बायपास क्षेत्र की आठ टंकियां कम दबाव और कम क्षमता से भर रही हैं। इससे संबंधित क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित हुई है। इन इलाकों में पानी की सप्लाई तो होगी, लेकिन सामान्य दिनों की तुलना में कम मात्रा में पानी मिल सकता है। नगर निगम की मेंटेनेंस टीम लीकेज ठीक कर जल्द से जल्द सामान्य जलापूर्ति बहाल करने में जुटी है।

जल संकट की आशंका के बीच पानी की बर्बादी पर सवाल

गौरतलब है कि इंदौर में इस साल करीब 23 इंच बारिश दर्ज होने और सामान्य वर्षा के मुकाबले कमी के चलते आगामी महीनों में जल संकट की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में नर्मदा पाइपलाइन से लाखों लीटर पानी बहने की घटना ने पाइपलाइन की सुरक्षा और रखरखाव पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नर्मदा पाइपलाइन के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी निजी कंपनी के पास है।

'राहुल गांधी अराजकता के प्रतीक'

गौरव भाटिया बोले- संविधान को तार-तार कर रही कांग्रेस, क्यों भड़की भाजपा ?

नई दिल्ली(एजेंसी)। एसआईआर के तहत मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर विपक्ष चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहा है। राहुल गांधी समेत इंडिया गठबंधन के 13 नेताओं ने स्वतंत्र जांच की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। अदालत ने चुनाव आयोग और तीनों चुनाव आयुक्तों से जवाब मांगा है। इस बीच भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को 'अराजकता का प्रतीक' बताते हुए कांग्रेस पर संविधान को तार-तार करने का आरोप लगाया है।

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर हमला बोला। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी को 'अराजकता का



प्रतीक' बताया। उन्होंने उन्हें गैर-जिम्मेदार नेता प्रतिपक्ष करार देते हुए आरोप लगाया कि राहुल गांधी बिना तथ्यों के बोलते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गौरव भाटिया ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी संविधान को तार-तार कर रहे हैं। इतना ही नहीं, भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए प्रदर्शन के नाम पर नारेबाजी और हुड़दंग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को प्रदर्शन करने का अधिकार देता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कोई भी व्यक्ति इस अधिकार की आड़ में नियमों का उल्लंघन करे। प्रदर्शन के लिए तय जगह होनी चाहिए और इसके लिए पहले अनुमति लेनी जरूरी है।

कोई जिम्मेदार व्यक्ति ऐसा नहीं कर सकता

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी ने कहा था कि वे विरोध प्रदर्शन करेंगे और सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। अब सवाल यह उठता है कि यह किस तरह का बर्ताव था? क्या 'भीड़तंत्र' को चलने दिया जा सकता है? क्या न्यायपालिका पर दबाव डालने के लिए भीड़ जुटाई जा सकती है, एक ऐसी संस्था जो मजबूत और निष्पक्ष है, और जिस पर भारत के लोगों को भरोसा है?

शिवपुरी में बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार; 7 लाख की 10 मोटरसाइकिलें बरामद

ऋषि गोस्वामी

कोतवाली पुलिस की कार्रवाई, चोरी की अपाचे बाइक से खुला मामला; आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया

शिवपुरी। शिवपुरी शहर में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर कार्रवाई करते हुए कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 10 चोरीशुदा मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद वाहनों की अनुमानित कीमत करीब 7 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल वारंट जारी होने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।



घर में घुसकर चुराई थी अपाचे बाइक

पुलिस के अनुसार, 13 अक्टूबर 2026 को फरियादी भूरा रावत (31), निवासी न्यू पुलिस लाइन, रेलवे स्टेशन रोड, शिवपुरी ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर उनके घर में घुसकर अपाचे मोटरसाइकिल क्रमांक MP33-ZB-1154 चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 797/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(4) और 305(ए) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

मुखबिर की सूचना पर पकड़े गए तीनों आरोपी

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामदास प्रजापति और नगर पुलिस अधीक्षक सचिन कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित दुबे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। 15 अक्टूबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्वालियर बायपास रोड स्थित पुराने टोल टैक्स के पास तीन व्यक्ति अपाचे मोटरसाइकिल लेकर खड़े हैं और उसे बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों संदिग्धों को पकड़ लिया।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार हुई है:

1. प्रिंस अग्रवाल (25), निवासी विवेकानंद चौराहा, मगरौनी, थाना नरवर, जिला शिवपुरी।

2. अनवर (35), निवासी तलैया मोहल्ला, पुरानी शिवपुरी।

3. निजाम शाह (30), निवासी मगरौनी, थाना नरवर, जिला शिवपुरी।

बंद पड़े प्लांट से मिलीं आठ मोटरसाइकिलें

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक घर से अपाचे मोटरसाइकिल चोरी करने के साथ ही शहर के अलग-अलग स्थानों से कुल 10 मोटरसाइकिलें चोरी करने की बात स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर रेलवे स्टेशन रोड स्थित लंबे समय से बंद पड़े शारदा साल्वेट प्लांट से आठ मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस ने कुल 10 चोरीशुदा मोटरसाइकिलें जब्त की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 7 लाख रुपये बताई गई है। बरामद वाहनों में से आठ मोटरसाइकिलों की जब्ती इस्तगासा क्रमांक 0/26 के तहत बीएनएस की धारा 303(2) तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 106 और 35(1)(ई) के अंतर्गत की गई है।

पुलिस टीम की रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित दुबे, उप निरीक्षक सुमित शर्मा, प्रधान आरक्षक अजेन्द्र सिंह परिहार, गजेन्द्र परिहार, दिनेश कुमार, महाराज सिंह, नरेश दुबे, आरक्षक राहुल कुमार और आरक्षक चालक शरद यादव की भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि मोटरसाइकिल चोरी से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है। बरामद वाहनों के संबंध में भी आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

ग्राम कलमोड़ा में अवैध गांजा खेती का पर्दाफाश
तीन प्रकरणों में 15,609 पौधे जब्त

सलीम हुसैन

99 क्विंटल से अधिक वजन के गांजे के पौधे जब्त, अनुमानित कीमत 9.42 करोड़ से अधिक नशा मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में झाबुआ पुलिस की प्रभावी कार्रवाई

भारत सरकार द्वारा 'नशा मुक्त भारत' अभियान के तहत मध्यप्रदेश को 31 दिसंबर 2029 तक (तीन वर्ष में) नशामुक्त बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कैलाश मकवाना, पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश के निर्देशन में प्रदेश के मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में संलिप्त सिंडिकेट को ध्वस्त करने, नशीले पदार्थों की अवैध खेती एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा इस कारोबार में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कठोर वैधानिक कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में अनुराग, पुलिस महानिरीक्षक, इंदौर जोन (ग्रामीण) मनोज कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक इंदौर रेंज (ग्रामीण) द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक झाबुआ श्री देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में झाबुआ पुलिस द्वारा जिले में मादक पदार्थों की अवैध खेती, क्रय-विक्रय एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई निरंतर की जा रही है। इसी अभियान के अंतर्गत झाबुआ पुलिस द्वारा चौकी पारा क्षेत्र के ग्राम कलमोड़ा में पहाड़ी, तलहटी एवं दुर्गम क्षेत्रों में कपास की फसल के बीच में अवैध गांजा खेती के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग प्रकरणों में कुल 15,609 गांजे के पौधे, कुल वजन 99 क्विंटल 16 किलो 427 ग्राम तथा अनुमानित कीमत 9,42,01,430/- (लगभग 9 करोड़ 42 लाख रुपये) के पौधे जब्त किए गए



हैं। इस संबंध में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। कार्यवाही के अंतर्गत चौकी पारा एवं थाना कोतवाली पुलिस टीम को ग्राम कलमोड़ा क्षेत्र में अवैध रूप से गांजे की खेती किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम गठित कर संबंधित स्थानों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान तीन अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से उगाए गए गांजे के पौधे बरामद किए गए। पुलिस द्वारा तीन पृथक प्रकरण पंजीबद्ध कर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

तीन प्रकरणों में जब्ती का विवरण

1) अप.क्रं.980/2026
धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट.
गाजे के पौधे 6011 पौधे
कुल वजन 4732.37 किलोग्राम
अनुमानित कीमत 4,49,57,515
वनक्षैत्र भुमि वनक्षैत्र की भुमि 1.086 हैक्टेयर करीब 6.25 बीघा
नाम आरोपी वेलसिंह पिता मोहरिया डामोर निवासी ग्राम कलमोडा

2) अप.क्रं.982/2026
धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट.
गाजे के पौधे - 5308 पौधे
कुल वजन - 34 क्विंटल 89 किलो 57 ग्राम
अनुमानित कीमत - 3,31,50,915
वनक्षैत्र भुमि - क्रमशः 00.5 हैक्टेयर व 0.37 हैक्टेयर कुल
0.42 हैक्टेयर करीब 2.05 बीघा
नाम आरोपी - भमरसिंह पिता मोहरिया डामोर निवासी ग्राम कलमोडा

3) अप.क्रं.983/2026
धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट.
गाजे के पौधे - 4290 पौधे
कुल वजन - 16 क्विंटल 94 किलो 500 ग्राम
अनुमानित कीमत - 1,60,93,000
वनक्षैत्र भुमि -क्रमशः 0.04 हैक्टेयर व 0.438 हैक्टेयर कुल हैक्टेयर 0.478 हैक्टेयर करीब 3.00 बीघा
नाम आरोपी - बापु पिता मोहरिया डामोर निवासी ग्राम कलमोडा

कार्रवाई का संक्षिप्त विवरण
कुल पंजीबद्ध प्रकरणः 03
कुल जब्त गांजे के पौधेः 15,609
कुल जब्त वजनः 99 क्विंटल 16 किलो 427 ग्राम
कुल अनुमानित कीमतः 9,42,01,430/-
वैधानिक कार्रवाईः एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत।

सराहनीय कार्य - एसडीओपी झाबुआ श्रीमती मोनिका सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली निरी. आर. सी. भास्करे, चौकी प्रभारी पारा निरी. पल्लवी भावरथाना प्रभारी राणापुर निरी. कैलाशचन्द्र सिर्वी, थाना प्रभारी कालीदेवी उनि. रामसिंह चौहान, निरी. राजेन्द्रसिंह भदोरिया, SAF बटालियन झाबुआ निरी. श्रीराम मण्डलोई, चौकी प्रभारी पिटोल उनि. अशोक बघेल, एवं अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीयों की सराहनीय भूमिका रही ।

नशे के विरूध्द झाबुआ पुलिस का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

गोवंश वध एवं पशु क्रूरता की रोकथाम के लिए झाबुआ पुलिस का "ऑपरेशन गो-वंशम्" प्रारम्भ

सलीम हुसैन

जिले में गोवंश वध एवं पशु क्रूरता से संबंधित घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक झाबुआ देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया के मार्गदर्शन में झाबुआ पुलिस द्वारा "ऑपरेशन गो-वंशम्" संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य गोवंश वध, पशु क्रूरता एवं अवैध तस्करी जैसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना, दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई करना तथा जनसहभागिता के माध्यम से गोवंश संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसी क्रम में दिनांक 15 अक्टूबर को चौकी रम्भापुर, थाना मेघनगर में "ऑपरेशन गो-वंशम्" के अंतर्गत एक विशेष जनजागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक के लिए ग्राम गुजरपाड़ा, सजेली नानिया सात, सजेली मोगजी सात, जामनिया, छोटा घोसालिया, फुलेड़ी, डूंडका, बेडावली, रम्भापुर एवं मेघनगर के सरपंचों, तड़वी, कोटवार, वनरक्षक, पटवारी, पंचायत सचिवों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। बैठक के दौरान उपस्थित ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिको को गोवंश संरक्षण के महत्व, पशुओं के प्रति संवेदनशीलता तथा गोवंश वध एवं पशु क्रूरता से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी समन्वय बनाए रखने और ऐसी घटनाओं की रोकथाम में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में एसडीएम मेघनगर, एसडीओपी थांदला, नायब तहसीलदार मेघनगर एवं थाना प्रभारी मेघनगर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को समझाइश दी गई।

रणजीत टाइम्स

शुभारंभ

नए कार्यालय के शुभारंभ पर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह मरकाम ने दी शुभकामनाएं

इंदौर। रणजीत टाइम्स के नए कार्यालय के अवसर पर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह मरकाम ने रणजीत टाइम्स से जुड़े दौलत सिंह जी एवं रेणु कैथवास से सौजन्य मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने नए कार्यालय के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। मुलाकात के दौरान थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह मरकाम ने पत्रकारिता के क्षेत्र में सकारात्मक एवं जनहितकारी कार्यों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से भी समाचारों एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी पत्रकारों तक पहुंचाएंगे, ताकि जनता की समस्याओं और महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा सके।

इस अवसर पर रणजीत टाइम्स की टीम ने उनके सहयोग एवं शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। नए कार्यालय के शुभारंभ के साथ ही समाचारों के माध्यम से जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सामने लाने और निष्पक्ष पत्रकारिता को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया। रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह मरकाम का आभार एवं धन्यवाद।





नशामुक्ति अभियान

मां बिजासन मंदिर में नशामुक्ति अभियान को लेकर हुई चर्चा, पंडित जी ने रणजीत टाइम्स की पहल को सराहा

इंदौर। इंदौर के प्रसिद्ध मां बिजासन माता मंदिर में रणजीत टाइम्स के नशामुक्ति अभियान को लेकर मंदिर के पंडित जी से सौजन्य मुलाकात हुई। इस दौरान शारदीय नवरात्रि पर्व, माता रानी की आराधना और धार्मिक आयोजनों में नशामुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के विषय पर चर्चा की गई।

मुलाकात के दौरान पंडित जी ने रणजीत टाइम्स के नशामुक्ति अभियान की सराहना करते हुए चैनल की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित



कीं। उन्होंने समाज में नशे के प्रति जागरूकता फैलाने और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की इस पहल को सराहनीय बताया।

रणजीत टाइम्स का संदेश है- "नशे से दूरी है जरूरी, स्वस्थ समाज की जिम्मेदारी हमारी।" इस अभियान का उद्देश्य धार्मिक स्थलों, मंदिरों, गरबा पंडालों और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करना तथा एक स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देना है।

रणजीत टाइम्स न्यूज़ चैनल- जनहित में पत्रकारिता, समाजहित में नशामुक्ति अभियान।



कचरे से खाद तक- शाहपुर में स्वच्छता के साथ संसाधनों का भी हो रहा सदुपयोग

बुरहानपुर- घरों से निकलने वाला कचरा अक्सर अनुपयोगी समझकर फेंक दिया जाता है, लेकिन सही प्रबंधन और वैज्ञानिक प्रक्रिया से यही कचरा उपयोगी संसाधन बन सकता है। नगर परिषद शाहपुर में कचरे से जैविक खाद तैयार करने की प्रक्रिया इसका अच्छा उदाहरण पेश कर रहा है। यहां घरों, दुकानों, होटलों और सब्जी मंडी से एकत्रित कचरे का पृथक्करण कर जैविक अपशिष्ट से खाद तैयार की जा रही है। इस प्रक्रिया से जहां स्वच्छता बनाए रखने में मदद मिलती है, वहीं कचरे का उपयोगी रूपांतरण भी सुनिश्चित होता है। नगर परिषद शाहपुर में प्रतिदिन सुबह सफाई कार्य की शुरुआत होती है। परिषद के प्रांगण में 60 सफाई मित्र और 10 वाहन चालक एकत्रित होते हैं। निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार 9 कचरा संग्रहण वाहन 15 वार्डों में सफाई व्यवस्था के लिए रवाना होते हैं। ये वाहन घरों, दुकानों, होटलों और सब्जी मंडी से कचरा एकत्रित करते हैं। इस व्यवस्था में नागरिकों की सहभागिता भी महत्वपूर्ण रहती है। गीले कचरे को हरे डिब्बे में और सूखे कचरे को नीले डिब्बे में अलग-अलग रखने से कचरे के बेहतर प्रबंधन में सहायता मिलती है। विभिन्न वार्डों से एकत्रित कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जाता है। यहां निर्धारित प्लेटफॉर्म और शेड में कचरा उतारने के बाद सावधानी एवं सुरक्षा उपकरणों के साथ सफाई मित्र दस्ताने एवं मास्क पहनकर उसका पृथक्करण करते हैं। इस दौरान प्लास्टिक, कागज, गत्ता, धातु, कांच और कपड़े जैसी सामग्री अलग-अलग की जाती है।

भोपाल में 25 अक्टूबर को विद्युत यांत्रिकी संघ की ध्यानाकर्षण सभा, 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जुटेंगे कर्मचारी

खुशबू श्रीवास्तव

भोपाल। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के पत्रोपाधि अभियंता संघ द्वारा आगामी 25 अक्टूबर 2026, रविवार को भोपाल में ध्यानाकर्षण सभा आयोजित की जाएगी। सभा सुबह 11 बजे निष्ठा परिसर, गोविंदपुरा, भोपाल में होगी। इसमें कर्मचारियों की पदोन्नति, वेतनमान, नियमितीकरण और विभागीय कार्यप्रणाली से जुड़ी 11 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।

संघ की प्रमुख मांगों में सहायक यंत्रियों की पदोन्नति पर रोक लगाकर रिक्त पदों को कनिष्ठ यंत्रियों की पदोन्नति से भरना, कनिष्ठ अभियंता संवर्ग में सेवा अवधि के दौरान तीन पदोन्नतियां सुनिश्चित करना तथा कार्यपालन यंत्री और अधीक्षण यंत्री के पदों पर पदोन्नति के लिए अलग व्यवस्था लागू



करना शामिल है। इसके अलावा वर्ष 2018 के बाद नियुक्त कनिष्ठ यंत्रियों के वेतनमान और ग्रेड-पे में समानता, संविदा पर कार्यरत कनिष्ठ यंत्रियों का नियमितीकरण तथा सहायक यंत्री संविदा के कर्मचारियों को कनिष्ठ यंत्री पद पर नियुक्ति देने की मांग भी उठाई जाएगी। संघ ने आगामी डीपीसी में रिक्त पदों को पदोन्नति के माध्यम से भरने, चतुर्थ उच्च वेतनमान के लिए संबंधित नियमों में संशोधन, विभागीय कर्मचारियों के विरुद्ध अनावश्यक शोकॉज और दंडात्मक कार्रवाई पर नियंत्रण तथा धारा 304ए के मामलों में नियमानुसार जांच के बाद ही कार्रवाई किए जाने की मांग रखी है। संघ की एक अन्य प्रमुख मांग बिजली कंपनियों में विभागीय अनुमति लेकर डिप्लोमा उत्तीर्ण करने वाले लगभग 350 कर्मचारियों को कनिष्ठ यंत्री के पद पर नियुक्ति देने से संबंधित है। संघ का कहना है कि ये कर्मचारी कई वर्षों से जूनियर इंजीनियर का कार्य कर रहे हैं।

एकजुटता दिखाने की अपील

संघ ने सभी संबंधित कर्मचारियों से अपील की है कि वे 25 अक्टूबर को आयोजित ध्यानाकर्षण सभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता प्रदर्शित करें। सभा का उद्देश्य कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को सामने लाकर उनके निराकरण के लिए आवाज उठाना है।

नवरात्रि हवन का महत्व

सहजयोग में हवन-आत्मचिंतन, समर्पण और आंतरिक शुद्धि का माध्यम

नवरात्रि के अवसर पर हवन का विशेष महत्व माना जाता है। सहज योग में हवन केवल अग्नि में आहुति देने की परंपरा नहीं, बल्कि अपने भीतर की नकारात्मकता को पहचानकर उससे मुक्त होने और आत्मिक शुद्धता की ओर बढ़ने का एक माध्यम है। हवन - वातावरण की शुद्धि से आध्यात्मिक उन्नति तक भारतीय संस्कृति में हवन को सदियों से पवित्र धार्मिक अनुष्ठान के रूप में महत्व दिया गया है। सामान्य मान्यता है कि हवन से वातावरण में पवित्रता का भाव उत्पन्न होता है और मन को शांति मिलती है।

हवन में अग्नि को समर्पण, पवित्रता और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। यही कारण है कि नवरात्रि की अष्टमी और नवमी को हवन करने की परंपरा है। आस्था है कि हवन के माध्यम से देवी-देवताओं के प्रति श्रद्धा और समर्पण व्यक्त किया जाता है तथा सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। इस प्रकार हवन हमारी धार्मिक परंपराओं से जुड़ने के साथ-साथ अपने भीतर सकारात्मक भावों को जागृत करने का अवसर भी प्रदान करता है।



सहज योग में हवन का विशेष स्वरूप

सहज योग की दृष्टि में आध्यात्मिक उन्नति का वास्तविक आधार आत्मसाक्षात्कार और ध्यान है। सहज योग हमें यह अनुभव करने की प्रेरणा देता है कि ईश्वर की अनुभूति बाहरी कर्मकांड तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे अपने भीतर भी खोजा जा सकता है। ध्यान के माध्यम से हम अपने सूक्ष्म तंत्र में स्थित चक्रों और नाड़ियों के प्रति सजग होते हैं। मंत्रों और श्लोकों के उच्चारण के साथ देवी-देवताओं के गुणों का स्मरण करते हुए हम अपने जीवन में उन सद्गुणों को अपनाने का प्रयास करते हैं। मानव जीवन में अनेक परिस्थितियाँ हमारे मन को प्रभावित करती हैं। किसी व्यक्ति का अप्रत्याशित व्यवहार, बीती हुई घटनाएँ, अनावश्यक चिंताएँ या समाज और संसार की परिस्थितियाँ हमारे भीतर विचारों और भावनाओं का बोझ उत्पन्न कर सकती हैं। कभी-कभी यही बोझ ध्यान में एकाग्रता और आंतरिक शांति के अनुभव में बाधा बन जाता है।

सहज योग की सूक्ष्म तंत्र संबंधी अवधारणा में ईड़ा नाड़ी को चंद्र नाड़ी भी कहा जाता है। इसे मन, भावनाओं और अतीत से जुड़ी प्रवृत्तियों के साथ संबंधित माना जाता है। जब हम इन प्रभावों से अत्यधिक घिर जाते हैं, तो अपने भीतर संतुलन और सहजता बनाए रखना कठिन हो सकता है। सहज योग में ध्यान व अग्नि तत्व के माध्यम से ईड़ा नाड़ी से संबंधित नकारात्मकता को दूर किया जाता है।

सहज योग में सामूहिक हवन नकारात्मकता से मुक्ति का प्रयास

नवरात्रि के पावन अवसर पर सहज योग में भी सामूहिक हवन का आयोजन किया जाता है। इस प्रक्रिया में साधक अपने हाथों से प्रवाहित होने वाली चैतन्य अनुभूति के माध्यम से अपनी ईड़ा नाड़ी से संबंधित असंतुलन और नकारात्मकता को दूर करते हैं। सामूहिक हवन का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि अनेक साधक एक साथ आध्यात्मिक साधना में सहभागी बनते हैं। इससे सामूहिकता, श्रद्धा और आत्मिक उन्नति के प्रति समर्पण का भाव प्रबल होता है। इस प्रकार सहज योग में हवन का उद्देश्य केवल बाहरी वातावरण की पवित्रता तक सीमित नहीं रहता, बल्कि साधक को अपने भीतर झाँकने, अपनी कमियों को पहचानने और उनसे ऊपर उठने की प्रेरणा भी देता है। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है। सहजयोग से संबंधित जानकारी टोल फ्री नं – 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

आजाद नगर पुलिस की तत्परता से लापता महिला सकुशल मिलीं, परिजनों ने पुलिस प्रशासन का जताया आभार

खुशबू श्रीवास्तव

मूसाखेड़ी की अलकापुरी कॉलोनी से लापता हुईं 60 वर्षीय शैलजा उर्फ सुनीता के मिलने से परिवार ने ली राहत की सांस इंदौर। मूसाखेड़ी की अलकापुरी कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय शैलजा उर्फ सुनीता के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली। महिला की तलाश में सहयोग करने और उन्हें खोजने में मदद करने के लिए परिजनों ने आजाद नगर पुलिस सहित पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार, शैलजा उर्फ सुनीता, पति स्वर्गीय जयंत आवटी, 11 अक्टूबर 2026 की रात करीब 11 बजे घर से बिना बताए कहीं



चली गई थीं। महिला के लापता होने की सूचना के बाद थाना आजाद नगर में अपराध क्रमांक 617/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 140(3) में मामला दर्ज कर तलाश शुरू की गई थी। पुलिस की कार्रवाई और सहयोग के बाद महिला के मिलने से परिजनों की चिंता दूर हुई। महिला के सकुशल मिलने पर परिवार ने आजाद नगर पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए पुलिस प्रशासन के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया। परिजनों ने कहा कि संकट की घड़ी में पुलिस का सहयोग उनके लिए राहत भरा रहा। महिला के मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर परिजनों ने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

सेमरा तिराहे पर पुलिस की दबिश, सट्टा-पट्टी लिखते दो आरोपी पकड़ाए

नकदी, मोबाइल समेत 11,080 की सामग्री जब्त पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज

साहिल खान

बुढ़ार। शहडोल जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में थाना बुढ़ार पुलिस ने ग्राम सेमरा तिराहे के पास अंकों पर रुपये का दांव लगाकर अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिख रहे दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सट्टा-पर्ची, डॉट पेन, नकदी और मोबाइल फोन सहित कुल 11,080 की सामग्री जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 13 अक्टूबर 2026 को कस्बा पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सेमरा तिराहे के पास कुछ लोग अंकों पर रुपये का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना बुढ़ार पुलिस ने मौके पर दबिश दी और सट्टा-पट्टी लिखते हुए भीखम तिवारी एवं अजय पाण्डेय, दोनों निवासी ग्राम सेमरा, थाना बुढ़ार, जिला शहडोल को अभिरक्षा में लिया।



गांधीनगर में 40 वर्षों से जारी गरबा महोत्सव, 300 बालिकाएं दे रहीं रंगारंग प्रस्तुतियां

खुशबू श्रीवास्तव

इंदौर। शारदीय नवरात्रि के अवसर पर गांधीनगर क्षेत्र में मां दुर्गा की आराधना और गरबा महोत्सव की धूम देखने को मिल रही है। सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा संचालित गरबा महोत्सव में नन्हीं-नन्हीं बालिकाएं रंगारंग प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं का मन मोह रही हैं।

खास बात यह है कि यहां पिछले 40 वर्षों से लगातार गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के संचालक नरेंद्र कुमार बक्शी के अनुसार, प्रतिदिन लगभग 300 बालिकाएं गरबा प्रस्तुतियों में हिस्सा ले रही हैं। आयोजकों द्वारा बालिकाओं के लिए प्रतिदिन नाश्ते और ड्रेस की व्यवस्था की जा रही है, जिससे उन्हें आयोजन



में बेहतर सुविधाएं मिल सकें। गरबा महोत्सव में भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं, राजस्थान से आए लोक कलाकारों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। ये कलाकार दूरदर्शन पर भी अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। आयोजन को लेकर क्षेत्रीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु गरबा देखने पहुंच रहे हैं। दर्शकों की उपस्थिति से बालिकाओं का उत्साह बढ़ रहा है। इसके साथ ही आयोजकों द्वारा प्रतिदिन महाप्रसादी का वितरण भी किया जा रहा है। गांधीनगर में आयोजित यह गरबा महोत्सव पिछले चार दशकों से चली आ रही धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक बना हुआ है।

कृषि उपज मंडी हरदा में तीन दिन बंद रहेगी नीलामी

वीरेंद्र चौहान रणजीत टाइम्स

हरदा।कृषि उपज मंडी समिति हरदा में 18 से 20 अक्टूबर तक कृषि उपजों का नीलामी कार्य बंद रहेगा। सचिव कृषि उपज मंडी समिति हरदा ने बताया कि 18 अक्टूबर रविवार को साप्ताहिक शासकीय अवकाश, 19 अक्टूबर सोमवार को महानवमी और 20 अक्टूबर मंगलवार को दशहरा पर्व के कारण मंडी में अवकाश रहेगा। मंडी प्रशासन ने समस्त कृषक बंधुओं से अपील की है कि वे 18 से 20 अक्टूबर तक अपनी कृषि उपज बेचने के लिए मंडी प्रांगण हरदा में न लाएं।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा को लेकर भोपाल में दिग्विजय सिंह से मिले विदिशा के कांग्रेस नेता20 अक्टूबर से उज्जैन से अयोध्या तक निकलेगी यात्रा

धर्मेन्द्र गुप्ता

विदिशा। विजयादशमी के अवसर पर 20 अक्टूबर से पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह द्वारा उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जाने वाली "सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा" को लेकर प्रदेश भर में तैयारियां शुरू हो गई हैं।

इसी सिलसिले में विदिशा जिले से प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री पंकज जैन, कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा एडवोकेट, जिला कांग्रेस सचिव प्रसंग जैन ने भोपाल में दिग्विजय सिंह से उनके निवास पर मुलाकात कर यात्रा के संबंध में चर्चा की तथा यात्रा को लेकर



दिशा-निर्देश प्राप्त किए।

कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा ने बताया कि

दिग्विजय सिंह द्वारा निकाली जाने वाली "सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा" को लेकर प्रदेश सहित जिले के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है।

यात्रा के माध्यम से सनातन परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता से जुड़े संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की तैयारियां की जा रही हैं श्री शर्मा ने बताया की यह यात्रा पूर्ण रूप से गैर राजनीतिक है , जिसमें हर विचारधारा एवं हर समुदाय के लोग भागीदारी कर सकते है

ग्राम पंचायत हिनोतिया में 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' कार्यक्रम का शुभारंभ

धर्मेन्द्र गुप्ता

विदिशा, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत आज विदिशा जिले की ग्राम पंचायत हिनोतिया में 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा किसानों को फसल बीमा पॉलिसियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को फसल बीमा योजना के प्रति जागरूक करना तथा प्राकृतिक आपदाओं एवं अन्य अधिसूचित जोखिमों से फसलों को होने वाले नुकसान की स्थिति में योजना के माध्यम से मिलने वाली आर्थिक सुरक्षा के बारे में जानकारी देना रहा। किसानों को फसल बीमा के महत्व, इसके लाभ एवं कृषि जोखिमों से सुरक्षा के संबंध में भी अवगत कराया गया।



कार्यक्रम के दौरान कृषि विस्तार अधिकारी (AEO) ज्योति त्रिपाठी द्वारा किसानों को नरवाई प्रबंधन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने किसानों को फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन तथा नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करते हुए पर्यावरण संरक्षण और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए उचित कृषि पद्धतियों को अपनाने की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बदन सिंह रघुवंशी, कृषि विस्तार अधिकारी ज्योति त्रिपाठी एवं SBIG टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ लेने तथा आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन का जिला प्रशासन के अधिकारियों ने किया सम्मान

वीरेंद्र चौहान रणजीत टाइम्स

कार्यकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को किया याद, पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया और स्मृति चिह्न भेंट किया

हरदा। जिले से स्थानांतरित कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन का बुधवार शाम जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिले के अधिकारियों ने श्री जैन के कार्यकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को रेखांकित किया। सम्मान समारोह में कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने अपने संबोधन में जिले में कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मिले सहयोग का उल्लेख किया। उन्होंने जिले में पदस्थापना के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों ने श्री जैन को पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया तथा स्मृति चिह्न भेंट किया। अधिकारियों ने उनके कार्यकाल में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री शशांक, वन मंडल अधिकारी सुश्री ज्योति मुड़िया एवं श्री नरेश पंडवा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नरोत्तम भार्गव, अपर कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम कुमार एवं श्रीमती अनुपमा चौहान, श्रीमती सलोनी जैन सहित जिले के प्रशासनिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

माधव चौक पर 20 अक्टूबर को होगा माता विसर्जन का भव्य स्वागत, शाम 6 बजे से सजेगा मंच

ऋषि गोस्वामी

तरुण अग्रवाल ने डीजे संचालकों से की धीमी आवाज में डीजे बजाने की अपील

शिवपुरी। शहर के माधव चौक चौराहे पर आगामी 20 अक्टूबर को माता विसर्जन के अवसर पर भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होगा। इसकी जानकारी तरुण अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया को दी। तरुण अग्रवाल ने बताया कि माता रानी के विसर्जन के दौरान विभिन्न पंडालों से निकलने वाली झांकियों और विसर्जन जुलूस का माधव चौक पर भव्य मंच के माध्यम से स्वागत किया जाएगा। इस दौरान माता रानी की झांकियों के साथ आने वाले श्रद्धालुओं का फूल-माला पहनाकर सम्मान किया जाएगा। साथ ही शॉल और श्रीफल भेंट कर उनका अभिनंदन किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि माता विसर्जन के इस धार्मिक और भव्य आयोजन को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं, ताकि शहर से निकलने वाली माता रानी की झांकियों का सम्मानपूर्वक स्वागत किया जा सके।

डीजे संचालकों से धीमी आवाज में डीजे बजाने की अपील-प्रेस वार्ता के दौरान तरुण अग्रवाल ने डीजे संचालकों से विशेष आग्रह किया कि माता विसर्जन के दौरान डीजे धीमी आवाज में बजाएं, ताकि आम नागरिकों और आसपास के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी से धार्मिक आयोजन को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की। माधव चौक पर आयोजित होने वाला यह स्वागत कार्यक्रम माता रानी की झांकियों के सम्मान और श्रद्धालुओं के अभिनंदन के लिए आयोजित किया जा रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान तरुण अग्रवाल ने डीजे संचालकों से विशेष आग्रह किया कि माता विसर्जन के दौरान डीजे धीमी आवाज में बजाएं, ताकि आम नागरिकों और आसपास के लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी से धार्मिक आयोजन को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की।

कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाहा का कड़ा रुख

बिजली संकट और जबरन स्मार्ट मीटर लगाने पर दी चेतावनी, 18 तारीख तक का अल्टीमेटम

ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी जिले में इस समय फसलों की बुवाई का दौर जोरों पर है, लेकिन किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। क्षेत्र में बिजली की लचर व्यवस्था और मात्र 1 से 1.5 घंटे की आपूर्ति से नाराज किसानों की आवाज बनकर पोहरी विधायक कैलाश कुशवाहा खुलकर सामने आए हैं। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ हुई अहम बैठक में किसानों का पक्ष मजबूती से रखा और साफ कर दिया कि किसानों के हितों से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बिजली संकट पर कड़े तेवर और 18 तक का अल्टीमेटम

वर्तमान में खेतों में पानी की अत्यधिक आवश्यकता है, लेकिन बिजली कटौती ने किसानों की नींद उड़ा दी है। इस गंभीर समस्या को लेकर विधायक कैलाश कुशवाहा ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में ट्रांसफॉर्मर की क्षमता और लोड की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई।



अधिकारियों का आश्वासनः विभाग ने भरोसा दिलाया है कि 18 तारीख तक किसानों को खेती के लिए नियमित और पर्याप्त बिजली मिलने लगेगी।

बुनियादी सुधारः इसके अलावा, क्षेत्र में जली हुई केबल्स और अन्य तकनीकी खामियों को भी युद्धस्तर पर दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।

जबरन स्मार्ट मीटर लगाने पर सख्त पाबंदी

बैठक का सबसे बड़ा और कड़ा रुख स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर देखने को मिला। विधायक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन उपभोक्ताओं के घरों में पुराने मीटर बिल्कुल सही और नियमित रूप से काम कर रहे हैं, उनके यहां जबरन स्मार्ट मीटर नहीं थोपे जाएं।

बजट पर असरः अधिकारियों को यह चेताया गया कि मनमाने तरीके से स्मार्ट मीटर लगाने से आम जनता और गरीब परिवारों का घरेलू बजट बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

पुलिस थाने तक पहुंचेगा मामला

विधायक ने जनता के पक्ष में बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि यदि इसके बाद भी कोई जबरन स्मार्ट मीटर लगाता है या उपभोक्ताओं को परेशान करता है, तो जनता सीधे संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराए और कानूनी कार्रवाई करे। "किसानों को उनकी जरूरत के समय बिजली न मिलना और ऊपर से जबरन स्मार्ट मीटर का बोझ डालना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। 18 तारीख तक यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो जनता के साथ मिलकर बड़ा कदम उठाया जाएगा।"

कैलाश कुशवाहा, पोहरी विधायक

दिल्ली में अपने मॉडल का प्रदर्शन का लौटी छात्रा हंसिका

छुरा-शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरछेड़ी में कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय में अध्यनरत कुमारी हंसिका 12-14 अक्टूबर 2026 तक दिल्ली में आयोजित इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने मॉडल का प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ-साथ जिला एवं छत्तीसगढ़ को भी गौरवान्वित किया है



उन्होने अपना माडल स्मार्ट स्पून का प्रदर्शन राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी जो कि भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित थी वहाँ शामिल होकर प्रदर्शित किया हँसिका ने यह माडल अपनी व्याख्याता प्रतिमा भोई के मार्गदर्शन में बनाया जिसमें दृष्टिहीन दिव्यांगों को खाने पीने की सरलता के उद्देश्य से यह माडल प्रदर्शित किया इससे पहले छत्तीसगढ़ स्तर पर आयोजित इंस्पायर एवार्ड प्रदर्शनी में हंसिका को छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के द्वारा भी एससीआरटी रायपुर सम्मानित किया गया था विदित हो कि इंस्पायर एवार्ड योजना भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है जिसमें अपने आसपास की समस्याओं को देखकर उनके वैज्ञानिक समाधान करते हुए मॉडल बनाना है बच्चों के दिमाग के छोटे वैज्ञानिक को बाहर निकालने की योजना है प्राचार्य जी एल नायक व्याख्याता गण जोहत राम यादव विनोद कुमार वर्मा दीनदयाल टंडन योगेश सिंह ठाकुर प्रतिमा मानिकपुरी चँपेश्वरी ध्रुव डागेश्वरी साहू मोनिका सिंह मनीषा भोई एकता तिवारी राकेश देवांगन फत्ते लाल साहू हर्ष परमार ठानेंद्र साहू पीटीआई संजीत निषाद दीपक गायकवाड बी एस सोन प्रवीण कुमार द्विवेदी चैन सिंह के साथ-साथ शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष गोविंद यादव एवं पदाधिकारी गण तथा सरपंच मीराबाई ध्रुव एवं पंचगणों ने हंसिका को उनके इस उपलब्धि पर उज्जवल भविष्य के लिए एवं उनके मार्गदर्शक मनीषा भोई को सफल मार्गदर्शन के लिए बधाई दी है।

शहडोल में चोरी की दो वारदातों का खुलासा

19 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

एक मामले में डेढ़ लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर और नकदी बरामद, दूसरे मामले में चोरी गए माल की तलाश जारी



साहिल खान

शहडोल। जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार अग्रवाल द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी के दो अलग-अलग मामलों का खुलासा करते हुए एक 19 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान आदित्य उर्फ आदर्श यादव, पिता शनि उर्फ बिल्लू यादव, निवासी घरौला मोहल्ला, शहडोल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 510/26 एवं 380/26 के तहत धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस में चोरी के दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे। घटनाओं के बाद से ही पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान 15 अक्टूबर 2026 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही आदित्य उर्फ आदर्श यादव को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने दोनों चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर एक मामले में चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात और नकदी बरामद की है। बरामद मशरूका की कुल अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। वहीं, दूसरे चोरी के मामले में अभी तक चोरी गया सामान बरामद नहीं हो सका है, जिसकी बरामदगी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजकुमार मिश्रा के निर्देशन में उपनिरीक्षक उपेंद्र त्रिपाठी, सहायक उपनिरीक्षक लालदास अहिरवार, प्रधान आरक्षक संजय सोनकर, लक्ष्मी पटेल, राजीव, मायाराम अहिरवार, गिरीश मिश्रा, सिद्धार्थ रैकवार एवं आरक्षक निर्मल मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दिल्ली-एनसीआर में घने बादल और तेज हवा से ठंडक की सुगबुगाहट

दिल्ली में बारिश के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी। सिलसिलेवार धरना प्रदर्शनों से जूझती दिल्ली में गुरुवार की सुबह मौसम का एक अलग ही सुहाना मिजाज देखने को मिला। आकाश में छाए काले बादलों और ठंडी हवाओं के साथ हुई बारिश ने शहर में हल्की ठंडक की दस्तक दे दी है। ऐसे में जब नवरात्रि के पावन दिवसों के साथ त्योहारों का सीजन नजदीक है, इस खुशनुमा मौसम ने शहर की रौनक और फेस्टिव मूड को और बढ़ा दिया। वहीं, एनसीआर में भी कई जगहों पर मौसम का नजारा बदला मिला।



कई जनपदों में सुबह से बदला दिखा नजारा- गुरुवार को दिन की शुरुआत ही ठंडी हवा के झोकों के साथ हुई। इस बीच सोनीपत और नारनौल में काले बादलों में डेरा जमा लिया। कुछ ही देर में तेज हवा के साथ हल्की बारिश की फुहारें पड़ने लगीं। दिल्ली में बारिश के बीच सुरक्षा में तैनात अर्द्धसैनिक जवान छाता लेकर सड़क पार करता हुआ। इससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सोनीपत में दिन में गहरी शाम सा धुंधलका सा छने लगा था। यही नजारा नोएडा-ग्रेटर नोएडा, पलवल, साहिबाबाद, गाजियाबाद आदि जगहों पर भी देखने को मिला।

- **पलवल में दिन की शुरुआत में ही अंधेरा छा गया-** वहीं, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राजधानी के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश, आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। रेवाड़ी में भारी बारिश के चलते मंडी में रखा हजारों कुंतल अनाज भीगने से बर्बाद हो गया। सुबह न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.7 डिग्री अधिक है, जबकि अधिकतम तापमान करीब 29 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

नोएडा में बादल छाने से मौसम हो गया खुशनुमा

30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं और रुक-रुक कर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आई है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। खैर, त्योहारी सीजन की तैयारियों के बीच इस सुहाने और ठंडे मौसम ने बाजारों की रौनक और त्योहारों के उत्साह को दोगुना कर दिया है।

दिल्ली की सड़कों के डेटा में लापरवाही पड़ी भारी

पीडब्ल्यूडी ने 9 इंजीनियरों को दिया अल्टीमेटम

नई दिल्ली, एजेंसी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने जीएसडीएल पोर्टल पर सड़कों का ब्योरा अपलोड करने और सत्यापन में लापरवाही पर नौ कार्यकारी अभियंताओं को 15 अक्टूबर यानी आज तक का अल्टीमेटम दिया है। विभाग के अनुसार 17 में से केवल आठ अभियंताओं ने प्रमाणपत्र जमा किए हैं। इनके क्षेत्राधिकार में 80 से 90 प्रतिशत सड़कों का ही ब्योरा अपडेट हुआ है। शेष अभियंताओं को



सड़क संबंधी जानकारी पूरी करने, दोहराव दूर करने और सत्यापन के बाद प्रमाणपत्र जमा करने का निर्देश दिया गया है।

जीएसडीएल पोर्टल पर अपडेट- दिल्ली में सड़कों से संबंधित आंकड़ों को जीएसडीएल पोर्टल पर अपडेट करने के मामले में लोक निर्माण पीडब्ल्यूडी के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, 10 और 16 सितंबर को जारी निर्देशों के तहत सभी संबंधित कार्यकारी अभियंताओं को अपने क्षेत्र की सड़कों के आंकड़े पोर्टल पर अपलोड करने और उनकी जांच करने को कहा गया था।

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में बड़ा खेल

मरीजों को असली की जगह दी जा रही थीं नकली दवाएं

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकारी अस्पतालों में कैंसर मरीजों के उपचार के लिए रखी महंगी दवा को गायब कर उनकी जगह नकली दवा मरीजों को लगाई जा रही है। अंतरराज्यीय दवा माफिया आपसी मिलीभगत से इसे अंजाम दे रहे हैं। दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (डीएससीआई) से चार महंगे कैंसर इंजेक्शन गायब होने के मामले ने इस मिलीभगत की पोल खोल दी है।



- **व्यवस्था पर सवाल खड़े किए-** आरोप है कि सरकारी अस्पतालों से असली दवा खुले बाजार में बेची जाती और उनकी जगह सस्ती दवा या सलाइन भरकर उन्हें असली इंजेक्शन के रूप में सरकारी अस्पतालों में खपाया जा रहा है। इसने सरकारी अस्पताल में दवाओं के भंडारण, सुरक्षा और वितरण व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।
- **50 लाख रुपये नकद बरामद-** स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, दिल्ली क्राइम ब्रांच की अगस्त में की गई कार्रवाई ने नकली दवाओं के नेटवर्क को उजागर किया था। 17 लोगों को गिरफ्तार कर उनसे करीब नौ करोड़ रुपये की दवा, 588 कैंसर इंजेक्शन और 50 लाख रुपये नकद भी बरामद किए थे। तब सामने आया था कि अंतरराज्यीय दवा माफिया आपसी मिलीभगत से सरकारी अस्पतालों और सीजीएचएस के स्टोर से असली दवाएं बाहर निकाल कर उसकी पैकेजिंग में नकली दवा भर कर उन्हें स्टोर में रख देते हैं। बताया गया कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपित विक्रम सिंह और वतन सैनी पर सीजीएचएस की दवा दूसरी जगह पहुंचाने, जबकि राजू मिश्रा पर नकली दवाएं तैयार करने में संलिप्त होने का आरोप है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जीटीबी एन्क्लेव थाने में दर्ज एफआइआर को क्राइम ब्रांच की जांच से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है।

90 से अधिक अस्पताल जांच के दायरे में

मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु समेत कई शहरों में फैले अंतरराज्यीय दवा माफिया नेटवर्क में दिल्ली के 90 से अधिक अस्पतालों की भूमिका की जांच की जा रही है। सामने आया है कि 100 से अधिक कैंसर मरीजों को नकली दवा दी गई थी। कुछ मामलों में दूसरे मरीजों के लिए निर्धारित दवा भी अन्य मरीजों को दिए जाने की भी जानकारी भी सामने आई है।

त्योहारी सीजन में भी स्मार्टफोन की बिक्री 16% घटी, आकर्षक छूट के बावजूद क्यों नहीं खरीद रहे ग्राहक?

नई दिल्ली। त्योहारी सीजन को मोबाइल कंपनियां साल का सबसे बड़ा बिक्री अवसर मानती हैं, लेकिन इस बार स्मार्टफोन बाजार को झटका लगा है। ऑनलाइन बिक्री में स्मार्टफोन की बिक्री 16 प्रतिशत घटने का दावा किया गया है। महंगे फोन, सीमित छूट और ग्राहकों के बिगड़ते बजट को इसकी प्रमुख वजह माना जा रहा है।

बढ़ती कीमतों ने बदला खरीदारी का गणित

स्मार्टफोन के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले चिप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की लागत बढ़ने से कंपनियों पर कीमतें बढ़ाने का दबाव है। इसका असर खासकर उन ग्राहकों पर पड़ रहा है, जो सीमित बजट में नया फोन खरीदना चाहते हैं। पहले त्योहारों पर मिलने वाली बड़ी छूट अब कई उत्पादों में उतनी आकर्षक नहीं रह गई है।

पुराने फोन से चला रहे काम

कई ग्राहक नया स्मार्टफोन खरीदने के बजाय मौजूदा फोन का इस्तेमाल लंबे समय तक कर रहे हैं। बेहतर कैमरा, तेज प्रोसेसर और नई सुविधाओं के बावजूद यदि पुराने फोन में रोजमर्रा के काम आसानी से हो रहे हैं, तो ग्राहक खरीदारी टाल देते हैं। इससे बाजार में मांग प्रभावित हो सकती है।

शादी की दावत के लिए अनाथ लड़की ने मांगी सिर्फ 2 मुर्गियां; मासूम-सी ख्वाहिश का हुआ ऐसा अंजाम, रो पड़ा पूरा देश

अल्जीरियस, एजेंसी। किसी ने शादी में लाखों के तोहफे मांगे, तो किसी ने बड़े आयोजन के सपने देखे, लेकिन एक अनाथ लड़की की ख्वाहिश ने पूरे देश को रुला दिया। उत्तरी अफ्रीकी देश अल्जीरिया में एक अनाथ लड़की की शादी ने इंसानियत और सामाजिक एकजुटता की ऐसी मिसाल पेश की, जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर हो रही है। शहरजाद नाम की इस लड़की ने अपनी शादी से दो दिन पहले एक टीवी कार्यक्रम के दौरान ऐसी इच्छा जताई, जिसने लोगों का दिल छू लिया। उसे अंदाजा भी नहीं था कि उसकी छोटी-सी ख्वाहिश पूरे देश को उसके साथ खड़ा कर देगी। शहरजाद से जब एक टीवी प्रस्तोता ने उसकी शादी से दो दिन पहले पूछा कि वह क्या चाहती है, तो उसने बताया कि उसकी इच्छा है कि कोई पड़ोसी उसे दो मुर्गियां दे दे। वह अपनी शादी की दावत में आने वाले मेहमानों को खाना परोसना चाहती थी। उसकी यह बात लोगों को भावुक कर गई। एक ऐसी लड़की, जिसके पास शादी की दावत के लिए जरूरी इंतजाम करने के सीमित साधन थे, वह अपने लिए बड़ी संपत्ति नहीं, बल्कि मेहमानों को खाना खिलाने का इंतजाम चाहती थी।



शहरजाद की यह अपील सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई। इसके बाद अल्जीरिया के अलग-अलग हिस्सों से लोग उसकी मदद के लिए आगे आने लगे। देखते ही देखते उसकी शादी केवल एक परिवार का निजी समारोह नहीं रही, बल्कि हजारों लोगों के लिए खुशियां बांटने का अवसर बन गई। शहरजाद की शादी ऐन डेफला में हुई, जहां देश के विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने उसे शादी के तोहफे दिए और समारोह को खास बनाने में योगदान दिया। शहरजाद की शादी में लोगों ने केवल आर्थिक मदद ही नहीं की, बल्कि उसे ऐसे तोहफे भी दिए, जिनकी उसने शायद कल्पना भी नहीं की होगी। खबर के मुताबिक, एक आभूषण कारोबारी ने उसे सोने के गहनों के दो सेट उपहार में दिए। अन्य लोगों ने भी महंगे तोहफे भेंट किए। शादी में मिले उपहारों की संख्या इतनी अधिक बताई गई कि उन्हें रखने के लिए जगह कम पड़ने लगी। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में लोगों की भीड़, तालियां और जश्न इस आयोजन को यादगार बनाते दिखाई देते हैं। शहरजाद की शादी में शामिल कुछ लोगों ने कहा कि मदद केवल उन्हीं लोगों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, जो सोशल मीडिया पर दिखाई देते हैं।

दिल्ली में Gen Z आंदोलन को लेकर हलचल तेज

आज 'लहरा दो तिरंगा' मार्च का ऐलान!

दैनिक रणजीत टाइम्स

राजनीति 24 न्यूज़

कनॉट प्लेस का सेंट्रल पार्क दो दिन के लिए बंद, दिल्ली पुलिस अलर्ट; हाईकोर्ट ने प्रदर्शन पर रोक लगाने से किया इनकार

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में युवाओं के नेतृत्व वाले Gen Z आंदोलन को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने शुक्रवार, 16 अक्टूबर को शाम 5 बजे कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में *'लहरा दो तिरंगा'* कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया है। इस घोषणा के बाद दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है।

सेंट्रल पार्क 16 और 17 अक्टूबर को बंद

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (NDMC) ने प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क को 16 और 17 अक्टूबर के लिए आम जनता के प्रवेश हेतु बंद कर दिया है। वहीं दिल्ली पुलिस ने लोगों से प्रस्तावित प्रदर्शन में शामिल नहीं होने की अपील की है। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश लागू हैं। हालांकि पुलिस ने सीमित संख्या में लोगों को निर्धारित स्थान पर तिरंगा फहराने और राष्ट्रगान गाने की अनुमति देने पर विचार करने की बात कही है।

हाईकोर्ट ने प्रदर्शन पर रोक लगाने से किया इनकार

दल्लिी हाईकोर्ट ने 15 अक्टूबर को CJP के प्रस्तावित प्रदर्शन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने दिल्ली पुलिस के इस आश्वासन को दर्ज किया कि कानून के अनुसार भीड़ और सुरक्षा व्यवस्था को नियंत्रित किया जाएगा।



आखिर क्यों सड़कों पर उतरे युवा?

आंदोलन से जुड़े संगठन मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। हालांकि, चुनाव आयोग ने किसी राजनीतिक दल को फायदा पहुंचाने के आरोपों से इनकार किया है। आयोग का कहना है कि गलत तरीके से हटाए गए पात्र मतदाता दोबारा नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया अपना सकते हैं।

पहले भी हुई थी बड़ी पुलिस कार्रवाई

10 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने करीब 2,400 लोगों को हिरासत में लिया था। इसके बाद भी विभिन्न छात्र संगठनों और युवा कार्यकर्ताओं का विरोध जारी है। CJP संस्थापक अभिजीत दिपके ने अपने साथियों की गिरफ्तारी और न्यायिक हिरासत के विरोध में तिरंगा कार्यक्रम का आह्वान किया है।

दिल्ली के घटनाक्रम पर देशभर की नजर

आज के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। एक ओर प्रदर्शनकारी लोकतांत्रिक अधिकारों का मुद्दा उठा रहे हैं, वहीं पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उसकी प्राथमिकता है। फिलहाल कार्यक्रम का आह्वान हुआ है। प्रदर्शन शुरू होने या उसमें शामिल लोगों की संख्या की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।



